प्रेस विज्ञप्ति

29 सितंबर 2020

विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार के साथ पीएफसी लिमिटेड के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने के दौरान एमओपी और पीएफसी के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में श्री संजीव नंदन सहाय, सचिव (विद्युत), भारत सरकार और श्री आर.एस. ढिल्लों, सीएमडी, पीएफसी

वित्तीय वर्ष 2020-21 के लिए लक्ष्यीकरण का विवरण करते हुए पीएफसी ने भारत सरकार के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए

नई दिल्ली, 29 सितंबर: पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड (पीएफ़सी) ने विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार के साथ एक कार्य-निष्पादन आधारित 'समझौता ज्ञापन' (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौता ज्ञापन में वित्तीय वर्ष 2020-21 के दौरान पीएफसी द्वारा हासिल किए जाने वाले विभिन्न लक्ष्यों का विवरण है।

समझौता ज्ञापन पर एमओपी और पीएफसी के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में श्री संजीव नंदन सहाय, सचिव (विद्युत), भारत सरकार और श्री आर.एस. ढिल्लों, सीएमडी, पीएफसी द्वारा हस्ताक्षर किए गए हैं।

भारत सरकार ने विभिन्न कार्य-निष्पादन से संबंधित पैरामीटर जैसे प्रचालन से राजस्व का प्रतिशत, औसत नेटवर्थ के प्रतिशत के रूप में पैट और गैर-वित्तीय मापदंडों जैसे आईपीडीएस- संबंधित पैरामीटर के साथ-साथ 36,000 करोड़ रुपए का महत्वाकांक्षी राजस्व लक्ष्य निर्धारित किया है। पीएफसी पिछले वर्षों से अनुकरणीय प्रदर्शन कर रहा है और भारत सरकार की रेटिंग प्रदर्शन की गवाही देती है।

हस्ता/-

(एस एसए राव)

वरिष्ठ महाप्रबंधक (जन संपर्क)